प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(बेसिक), उ0प्र0,
शिक्षा सामान्य(1)बेसिक अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

श्री कमल शुक्ला,
ओमनीनेट टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड,
28, मुरली नगर, लखनऊ।

पत्रांकः सामान्य(1)बेसिक/ 902 /2025–26 दिनांक 14-11-2025

**विषय–अशासकीय सहायता प्राप्त जू0हा0स्कूलों में "जूनियर हाईस्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष–2021" में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के चयन/नियुक्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत कराना है कि अशासकीय सहायता प्राप्त जू0हा0स्कूलों में "जूनियर हाईस्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष–2021" में संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 06.09.2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के चयन/नियुक्ति हेतु निदेशालय के पत्रांकःसामान्य(1)बेसिक/874/2025–26 दिनांक 29.10.2025 द्वारा निर्गत समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन–पत्र दिनांक 15.11.2025 से 05.12.2025 मांगे गये थे, किन्तु सर्वर/पोर्टल में तकनीकी कारणों से कठिनाई के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित समय सारिणी दिनांक 15.11.2025 से दिनांक 05.12.2025 तक के स्थान पर अब ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 24–11–2025 के अपरान्ह से दिनांक 14–12–2025 तक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित वेबसाइट/पोर्टल पर प्राप्त किया जायेगा।

अतः कृपया उक्त आशय की सूचना पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना वेबसाइट https://basiceducation.up.gov.in/en पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक उक्तवत्।**

भवदीय

**(प्रताप सिंह बघेल)**
शिक्षा निदेशक(बेसिक),
उत्तर प्रदेश।

# सूचना

"जूनियर हाईस्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा वर्ष–2021" में संशोधित परीक्षा परिणाम ,दिनांक 06.09.2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के चयन/नियुक्ति हेतु निदेशालय के पत्रांकःसामान्य(1)बेसिक/874/2025–26 दिनांक 29.10.2025 द्वारा निर्गत समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन–पत्र दिनांक 15.11.2025 से 05.12.2025 मांगे गये थे, किन्तु सर्वर/पोर्टल में तकनीकी कारणों से कठिनाई के दृष्टिगत पूर्व निर्धारित समय सारिणी दिनांक 15.11.2025 से दिनांक 05.12.2025 तक के स्थान पर अब ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 24–11–2025 के अपरान्ह से दिनांक 14–12–2025 तक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित वेबसाइट/पोर्टल पर प्राप्त किया जायेगा, जो वेबसाइट https://basiceducation.up.gov.in/en पर उपलब्ध रहेगा ।

**शिक्षा निदेशक(बेसिक),**
**उत्तर प्रदेश।**

14/11/25

Ajay K. Singh
14-11-2025